e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ....1184 **पटना, दिनांक** : 20-05-2022

आदेश

सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), अरवल के पत्रांक– 102 दिनांक 09.10.2021 के द्वारा **श्री सुरेन्द्र पासवान,** विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.-SKN04485) के विरूद्ध दिनांक 22.07.2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की सूचना दी गई है।

उक्त सूचना के आलोक में निदेशालय पत्रांक– 584 दिनांक 10.03.2022 द्वारा श्री सुरेन्द्र पासवान, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध तीन (03) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की माँग की गई है। उक्त आदेश के आलोक में आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है, जो इस कार्यालय में दिनांक 23.03.2022 को प्राप्त है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अपनी अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि यथा– दिनांक 22.07.2021 से दिनांक 31.10.2021 के संबंध में अपने स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि वे चिकित्सीय ईलाज में रहने के कारण कार्यालय से अनुपस्थित थे। इनके द्वारा समर्पित चिकित्सीय कागजात, जो ये स्पष्टीकरण के साथ समर्पित किये हैं, का अवलोकन किया गया, तो पाया गया कि इतनी लंबी अवधि तक चिकित्सा में रहने जैसी कोई गंभीर बीमारी का उल्लेख नहीं है, बल्कि इनके द्वारा अपने स्पष्टीकरण में अंकित किया है कि इनकी पत्नी पंचायत चुनाव की प्रत्याशी थी।

अगर ये गंभीर रोग से पीड़ित थे तो एतद् संबंधी सूचना अपने कार्यालय को समय पर दिया जाना चाहिये था, जो कि संचिका में रक्षित अभिलेखों से स्पष्ट नहीं है। अतः इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के लिए इतनी लंबी अवकाश स्वीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही इनके द्वारा स्पष्टीकरण में कोई ऐसा अपने चिकित्सीय का अलग तथ्य दिया गया है, जिस पर कि विचार किया जा सके। इनका कृत्य कर्तव्यहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसके लिए योजना की अवधि निर्धारित है। अतएव **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली– 2019"** के नियम 8(4) के तहत लंबी अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण **श्री सुरेन्द्र पासवान,** विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.- SKN04485) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ....1184 **पटना, दिनांक** : 20-05-2022

प्रतिलिपि : सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), अरवल को उनके पत्रांक– 102/बन्दो0 दिनांक 09.10.2021 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ....1184 **पटना, दिनांक** : 20-05-2022

प्रतिलिपि : श्री सुरेन्द्र पासवान, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No.-SKN04485) बन्दोबस्त कार्यालय, अरवल, E-mail : surendra848202@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)– 01/2022 ....1184 **पटना, दिनांक** : 20-05-2022

प्रतिलिपि : प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं निदेशालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Bablu Sir\Order\01-2022-19-05-2022 (Arwal).doc